

## आमिर खान ने जुनैद संग की शूटिंग, स्क्रीन पर साथ दिखेगी बाप–बेटे की जोड़ी

बॉलिवुड ऐक्टर आमिर खान की बेटी आइरा खान अक्सर चर्चा में रहती हैं, लेकिन उनके बेटे जुनैद खान लाइमलाइट में कम ही नजर आते हैं। लेकिन अब उनके लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। आमिर ने बेटे जुनैद की वेब सीरीज प्रीतम प्यारे के लिए स्पेशल कैमियो शूट किया है। फैंस इस बात से बेहद खुश हैं कि जल्द ही बाप–बेटे की जोड़ी स्क्रीन पर साथ नजर आएगी। बता दें कि जुनैद जल्द ही बॉलिवुड में भी कदम रखेंगे। वो महाराज से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर ने 1 मई को जुनैद और टीम को राजस्थान में ज्वॉइन किया था। उन्होंने तकरीबन एक हफ्ते में एक गाने और कुछ हॉस्पिटल सीन्स की भी शूटिंग की। ये भी कहा जा रहा है कि आमिर, जुनैद और को–एक्टर संजय मिश्रा ने नवलगढ़ के पास ग्रैंड हवेली और रिसॉर्ट में शूटिंग की थी। वहीं, कुछ सीन्स कूलवाल कोठी होटल में भी शूट हुए हैं। आमिर खान के बेटे जुनैद की बात करें तो उनके पास इस सीरीज के अलावा महाराजा फिल्म भी है, जिससे वो बॉलिवुड में डेब्यू करेंगे।

## राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की हिट की डेट भी आई सामने

बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई करने के बाद एसएस राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। रामचरण और जूनियर एनटीआर स्टारर यह फिल्म 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। आरआरआर 1100 करोड़ का आंकड़ा पार करके चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडियन फिल्म बन गई है। फैंस इस फिल्म का ओटीटी पर रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आरआरआर अब जी5 पर 20 मई को रिलीज होगी। इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आरआरआर को सभी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। जबकि नेटफ्लिक्स पर यह 20 मई को ही सिर्फ हिंदी वर्जन में रिलीज होगी। मजेदार बात यह है कि 20 मई को ही जूनियर एनटीआर का बर्थडे है। वहीं राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की फिल्म हिट भी रिलीज होने वाली है। हालांकि इसे ओटीटी पर नहीं बल्कि सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। हिट एक सस्पेंस थ्रिलर है, जिसमें राजकुमार राव एक पुलिस अफसर के रोल में हैं। फिल्म की कहानी एक पुलिस वाले की है जो एक गुमशुदा लड़की की तलाश में हैं। इस दौरान क्या–क्या रोमांचक ट्विस्ट आते हैं और क्या खुलासे होते हैं, यही फिल्म की कहानी है।

## श्रुति हासन–प्रियामणि समेत ये स्टार्स भी कह चुके हैं भयंकर चुभने वाली बात



इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग ही तरह की बहस शुरू हो गई है। खासकर बॉलिवुड वर्सेज साउथ को लेकर। हिंदी बेल्ट में साउथ फिल्मों की ब्लॉकबस्टर सफलता और उनकी पैन इंडिया रिलीज के बाद से ही अचानक ही उनके लिए क्रेज बढ़ गया है। आरआरआर और केजीएफ जैसी फिल्मों के आगे हॉलिवुड तक की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं टिक पा रही हैं। साउथ फिल्मों की पैन इंडिया सक्सेस पर जहां किच्चा सुदीप ने कह दिया था कि बॉलिवुड अपनी फिल्में डब करके अन्य भाषाओं में रिलीज कर रहा है, वहीं हाल ही महेश बाबू ने भी कुछ ऐसा कह दिया, जिस पर विवाद पैदा हो गया। बाहुबली जैसी कई फिल्मों में नजर आईं साउथ की पॉप्युलर ऐक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी को भी कई बार बॉलिवुड फिल्मों का ऑफर मिला। पर अनुष्का ने हर बार ही वह ऑफर ठुकरा दिया। अनुष्का शेट्टी को रोहित शेट्टी ने फिल्म सिंघम के लिए भी अप्रोच किया था। अनुष्का ने कहा था कि उन्होंने वह ऑफर फीस के कारण ठुकराया। इसके अलावा उन्हें बॉलिवुड से कुछ ढंग के ऑफर नहीं मिल रहे थे।

# महेश बाबू पर 15 साल पहले टूटा था दुखों का पहाड़

### 36 महीने नजरों से रहे दूर, वजह जान छलक आएंगे आंसू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*तेलुगू सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों बॉलिवुड को लेकर दिए विवादित बयान के कारण सुर्खियों में हैं। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को लेकर जो कुछ भी कहा, उससे यहां के ऐक्टर्स और फिल्ममेकर्स के बीच काफी नाराजगी है। हालांकि, इस बीच कई स्टार्स ने उनका सपोर्ट भी किया है, जिनमें कंगना रनौत का नाम शामिल है। महेश बाबू, तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री के नंबर वन स्टार हैं।*

ये बात साल 2007 की है। महेश बाबू को फैंस को उस समय धक्का लगा था, जब वो तीन साल के लिए स्क्रीन से गायब हो गए थे। फैंस मिन्नतें करने लगे थे कि वो फिल्मों में कमबैक करें। आखिर महेश बाबू ने किस वजह से फिल्मों से दूरी बनाई थी, इसका खुलासा उन्होंने खुद बाद में किया था। दरअसल, इसी साल उनकी मूवी रिलीज हुई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। महेश बाबू से ये बर्दाश्त नहीं हुआ। वो उस दबाव को झेल नहीं सके।

**वाइफ नम्रता के पैरेंट्स भी गुजर गए**

महेश बाबू ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो साल उनकी जिंदगी का सबसे बुरा साल था। सिर्फ दादी ही नहीं, नम्रता शिरोडकर (उनकी वाइफ) के पैरेंट्स भी उसी साल गुजर गए। ये सबकुछ उनकी लाइफ में एक साथ हो रहा था। इस दौरान महेश बाबू अपनी फ्लॉप मूवी के बारे में भी काफी सोच रहे थे। वो दुविधा में थे कि आखिर कैसी मूवी सिलेक्ट करें और ऐसा क्या करें, जिससे उनके फैंस को संतुष्टि मिले। कुल मिलाकर उन्हें इस बात का अफसोस हो रहा था कि उन्होंने अपने फैंस को निराश कर दिया। वो बहुत कंफ्यूज हो गए थे। उस वक्त उनका बेटा सिर्फ 8 महीने का था। इसलिए उन्होंने फिल्मों से 6 महीने की दूरी बनाने का फैसला किया, लेकिन ये वक्त कब बीतकर 3 सालों में बदल गया, पता नहीं चला। हालांकि, इस बुरे वक्त ने उन्हें काफी कुछ सिखाया। तब उन्हें समझ आया कि उन्हें क्या करना है।



**इन तीनों सालों में इनसिक्योर नहीं हुए?**

महेश बाबू ने ये भी बताया कि इन तीन सालों में वो कभी इनसिक्योर नहीं हुए, क्योंकि उन्होंने तकरीबन 12 विज्ञापन साइन किए। उस समय तेलुगू ऐक्टर्स को विज्ञापनों के ऑफर्स कम ही मिलते थे, लेकिन महेश बाबू इतने सारे एड्स करने वाले पहले तेलुगू ऐक्टर थे। उन्होंने बताया कि इन विज्ञापनों से मिले पैसों से ही उन्होंने घर भी बनाया।

**धमाकेदार की वापसी**

इसके बाद महेश बाबू ने रिफ्रेश और रीचार्ज होकर साल 2010 में धमाकेदार कमबैक किया। जब इस सुपरस्टार ने ब्रेक लिया था, तब उनके फैंस ने एक वादा किया था कि वो उनकी किसी भी फिल्म को फ्लॉप नहीं होने देंगे। वहीं, महेश बाबू भी अपने काम से फैंस को निराश नहीं करना चाहते थे। इसलिए उनकी फिल्मों को फैंस का इतना प्यार मिलता है।

# केजीएफ 2 के कलेक्शन ने हिंदी सुपरस्टार्स को निगल लिया है

*प्रशांत नील की डायेक्ट की हुई फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 को रिलीज हुए 28 दिन बीत चुके हैं। 14 अप्रैल 2022 के दिन आई इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने 28वें दिन तक 412.31 करोड़ की कमाई की है औ वर्ल्ड वाइड की बात करें तो फिल्म ने 1175 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है।*



अब बॉक्स ऑफिस पर इस तरह का ताबड़तोड़ कलेक्शन देख बॉलिवुड की हालत पस्त हो गई है। क्योंकि इस दौरान आई फिल्में बुरी तरह फ्लॉप हो गई हैं। चाहे वह टाइगर श्रॉफ की हीरोपंती 2 हो या फिर अजय देवगन की रनवे 34। किसी का भी जादू रॉकी भाई के सामन न चल सका और उन्हें अपना बोरिया बिस्तर उठाकर पवेलियन को लौटना पड़ा। अब इसी पर फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने भी अपने मन की बात कही है, जो शायद कुछ लोगों को चुभ सकती है। राम गोपाल वर्मा ने केजीएफ की बड़ी हिट के बाद ट्वीट कर लिखा, केजीएफ 2 एक आंधी की तरह है जो पुराने जमाने के सभी दिग्गजों को निगल रही है। इसके बाद उन्होंने दूसरा ट्वीट किया। इसमें उन्होंने कहा, केजीएफ 2 एक काले बादल की तरह है, जो दूसरी सभी बड़ी फिल्मों पर कहर बरपा रहा है और काले बादलों का मकड़जाल सभी स्टार्स और डायरेक्टर्स को धीरे–धीरे खत्म कर रहा है। फिल्ममेकर ने एक और ट्वीट किया और लिखा, केजीएफ 2 एक विशाल पेड़ है, जिसकी छत्रछाया के नीचे दूसरा कोई पेड़ नहीं उगता है।

**राम गोपाल वर्मा पहले भी बॉलिवुड पर कस चुके हैं तंज**

कुछ दिन पहले भी राम गोपाल वर्मा ने साउथ की फिल्मों की तरह बॉक्स ऑफिस पर सफलता न पाने के लिए बॉलिवुड पर तंज कसा था। उन्होंने ट्विटर पर लिखा था, श्प्रशांत नील की केजीएफ 2 न केवल एक गैंगस्टर फिल्म है बल्कि यह बॉलिवुड इंडस्ट्री के लिए भी एक डरावनी फिल्म है, जिसकी सफलता के बुरे सपने उन लोगों को आने वाले वर्षों में आएंगे।

**राम गोपाल वर्मा ने ड्डलत्र को लेकर कही थी ये बात**

इसके साथ ही उन्होंने बोला था कि बड़े पैमाने पर यश ने अपने स्टारडम और ब्लॉकबस्टर फिल्म देकर पूरे बॉलिवुड को खत्म कर दिया है। जिस तरह रॉकी भाई खलनायकों को उड़ाने के लिए मशीन गन लेकर लिए मुंबई आते हैं, उसी तरह यश ने सचमुच सभी बलिवुड स्टार्स के ओपनिंग कलेक्शन की धज्जियां उड़ा दी हैं। और इस फिल्म का आखिरी कलेक्शन भी बॉलिवुड पर फेंका गया एक न्यूक्लियर बॉम्ब होगा।